Regarding naming of Navi Mumbai International Airport after D.B. Patil

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे **(**भिवंडी**):** सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय विमानतल की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं । इसके नामांतर की प्रक्रिया की मांग लगभग 11 सालों से हमारे यहां के भूमिपूत्र कर रहे हैं, जिनकी जनसंख्या 90 लाख से ऊपर है । उनकी मांग है कि इस एयरपोर्ट को दि.बा. पाटिल साहेब का नाम दिया जाए । वह इस संसद में दस साल सदस्य रहे हैं, 25 साल विधायक रहे हैं और विपक्ष के नेता भी रहे हैं । उससे भी बड़ी बात यह है कि उन्होंने स्त्री भ्रूण हत्या कायदा पारित किया था, जो वर्ष 1989 में महाराष्ट्र में सबसे पहले पास हुआ था । उसका दखल केन्द्र सरकार ने लिया और 1994 में वह कायदा प्रस्तावित हुआ । किसानों को जगह के बदले जगह और खेती के बदले खेती का कायदा प्रस्तावित किया था । वह भी दि. बा. पाटिल साहेब ने किया था ।

14.00 hrs

अगर आप इतने बड़े समाज सेवक का नाम देते हैं, लोगों की 11 साल से मांग है, संघर्ष चालू है और अभी यह अंतिम पड़ाव में आ गया है । 3 अक्टूबर को माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस साहब ने सभी पार्टी के नेता को बुलाया और हमें आश्वस्त किया कि आने वालो दो-ढाई महीने में जब भी रेगुलर टेक ऑफ- लैंडिंग चालू होगी, उसी समय स्वर्गीय दी.बा. पाटिल साहब का नाम दिया जाएगा । इसको आज दो महीने हो गए, मैडम मेरी रिक्वेस्ट है, अभी तीन दिन पहले हमारी भूमिपुत्रों की मीटिंग हुई और उसमें एक निर्णय हुआ कि आने वाले 15 दिन में वह नाम देंगे ।

माननीय सभापति**:** धन्यवाद माननीय सदस्य, आपकी डिमांड आ गई है ।

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे**:** अगर ऐसा नहीं होगा, तो संघर्ष होगा । संघर्ष से अच्छा है कि हमारी मांग पूरी हो । मैं यही मांग करता हूं । धन्यवाद ।